## महत्वपूर्ण एवं खास



### कलेक्टर ने किया जेल परिसर स्थित गौशाला का निरीक्षण

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज जिला जेल परिसर में निर्मित गौशाला भवन का निरीक्षण किया। रायगढ़ के शहरी क्षेत्र में आने वाले उक्त गौशाला वर्तमान में क्रियाशील नही है, जिसको गौठान के रूप में विकसित किये जाने हेतु निर्देश संबंधित विभाग को दिए। जिससे शहरी क्षेत्र में विचरण करने वाले मवेशियों के लिए भी गौठान उपलब्ध हो सकेगा। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी तथा जिला जेल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ट्रेलर की ठोकर से बाईक सवार की मौत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पतरापाली मेन रोड पर ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 जेड 9274 के चालक द्वारा दिनांक 18.11.19 को ट्रेलर को काफी तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये मोटर सायकल बजाज प्लेटिना के चालक साहिल सिंह पिता धनंजय कुमार सिंह सा0 पतरापाली को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। आरोपी ट्रेलर चालक वाहन को खड़ी कर फरार हो गया है। आहत को ईलाज के लिये मौके पर आसपास के लोग जिंदल अस्पताल लेकर गये जहां डॉक्टर ने साहिल को फौत होना बताया। घटना के संबंध में थाना कोतरारोड़ में अप.क्र. 328/19 धारा 304 ए भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पिकअप में परिवहन अवैध कबाड़ जप्त, सारंगढ़ पुलिस की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**सारंगढ़ स्टाफ द्वारा आज दिनांक 18.11.2019 के सुबह सारंगढ़ चौक पर पिकअप वाहन सीजी 13 एल 2816 में लोड टीन, लोहे के टुकड़ों (कबाड़) करीब 16 क्विंटल, 20 किलो कीमती रू. 24,000 को लोडकर ले जा रहे पिकअप वाहन के चालक धनेश्वर यादव पिता मोहन लाल यादव उम्र 23 वर्ष निवासी दर्राभांठा थाना सारंगढ़ के पास से जप्त किया गया है। उपरोक्त कबाड़ सामान चोरी का होने के संदेह पर आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध धारा 41(1+4)सीआरपीसी/379 आईपीसी की कार्यवाही कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

### अपर कलेक्टर कुरूवंशी को उप जिला निर्वाचन अधिकारी का अतिक्ति प्रभार

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में डिप्टी कलेक्टर श्रवण कुमार टंडन को सौंपे गये उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन/मण्डी निर्वाचन)के कार्य से मुक्त करते हुए शेष सौंपे गये कार्यों को अस्थायी तौर आगामी आदेश पर्यन्त संपादित करने हेतु आदेशित किया जाता है। उक्त आदेश के परिपालन में अपर कलेक्टर रायगढ़ रामअधारी कुरूवंशी को सौंपे गये कार्यों के साथ-साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन/मण्डी निर्वाचन) का अतिरिक्त प्रभारी अस्थायी तौर पर आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा है।

### आचार संहिता के पूर्व बकाया राशि नहीं चुकाने वाले पंचायत पदाधिकारी नहीं लड़ पायेंगे चुनाव

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**कलेक्टर यशवंत कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत के वर्तमान तथा भूतपूर्व पदाधिकारियों के वित्तीय अनियमितता के फलस्वरूप राशि वसूली के प्रकरणों में आचार संहिता लगने के पूर्व यदि जिन पदाधिकारियों द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है वे आगामी निर्वाचन में प्रत्याशी के रूप में भाग लेने के लिए अपात्र हो जायेंगे।

# धान के अवैध भण्डारण व परिवहन पर कार्यवाही के दौरान किसानों को परेशानी न हो-कलेक्टर

» साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि अवैध धान परिवहन व भण्डारण के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जाए परंतु किसी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने अवैध परिवहन व भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश खाद्य विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता है अतः सर्वसंबंधित पूरी सजगता से कार्य करें। आगामी नगरीय निकाय तथा स्थानीय निर्वाचन के तैयारियों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि यह कार्य बड़ी जिम्मेदारी का कार्य है। अतः सभी अधिकारी पूरी गंभीरता व सतर्कता से इसकी तैयारी व संपादन करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पराली के संबंध में कहा कि प्रत्येक ग्राम से पराली इकट्ठा किया जाना है तथा कृषि विभाग द्वारा मंगवाई जा रही बेलर मशीन से रोल के रूप में बनावायी जाएगी जिससे किसान बाद में इसे चारे के रूप में इस्तेमाल कर पायेगा।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने समय-सीमा में दर्ज प्रकरणों में काफी लम्बे समय से लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधितों को निर्देशित किया कि शीघ्र लंबित प्रकरणों का निराकरण कर लें अन्यथा संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। भू-अर्जन मुआवजा वितरण के शेष प्रकरणों में मुआवजों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करवाने के निर्देश समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिए। वनमंडलाधिकारी रायगढ़ को लंबित मजदूरी भुगतान शीघ्र करवाने के निर्देश दिए। खाद्य अधिकारी को निर्देशित कर कहा कि उचित मूल्य की दुकानों को अग्रिम में प्रदाय राशन सामग्री के लंबित राशि की वसूली को जल्द पूरा करें तथा तथा बारदानों को शीघ्र जमा करवायें। जिले में की जा रही आर्थिक गणना के सर्वे कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी को दिए। उन्होंने 22 नवम्बर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय ट्रायबल डांस फेस्टिवल की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त सीईओ जनपद अपने विकासखण्डों से आने वाली टीमों के रूकने एवं खाने के लिए जिला स्तरीय समिति से समन्वय करेंगे। साथ ही विभिन्न विभाग जिन्हें आयोजन में जिम्मेदारियां मिली है वे भी फेस्टिवल के पूर्व तैयारियां पूर्ण कर लेवे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, डीएफओ मनोज पाण्डेय सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सारंगढ़ व चक्रधर नगर पुलिस की अवैध शराब पर कार्यवाही

**न्याय साक्षी/ रायगढ़।**थाना सारंगढ़ स्टाफ द्वारा आज दिनांक 18.11.2019 के सुबह ग्राम फर्सवानी के प्रायमरी स्कूल के पास आरोपी त्रिलोचन यादव पिता विदेशी राम उम्र 22 साल निवासी ग्राम खैरपाली को अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने की सूचना पर मौके पर जाकर पकड़ा गया। आरापी के पास से अवैध बिक्री के लिये रखी हुई 06 बल्क लिटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में धारा 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है।

वहीं दूसरे मामले में मुखबिर से



मिली सूचना पर थाना चक्रधरनगर में पदस्थ आरक्षक लक्ष्मीकांत जायसवाल एवं हमराह आरक्षक मनोज पटनायक तथा विक्रम सिंह द्वारा रात्रि करीब 21.00 बजे इंडियन स्कूल मैरिन ड्राईव के पास घेराबंदी कर आटो क्रमांक सीजी 13 यूएफ 5170 को शराब रेड कार्यवाही दौरान पकड़े। ऑटो का चालक एवं ऑटों में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सूर्यालाल सारथी पिता बनमाली सारथी उम्र 31 वर्ष साकिन जोगीडीपा जगन्नाथ मंदिर थाना कोतवाली जिला रायगढ एवं गुरूप्रसाद सारथी पिता शम्भू सारथी उम्र 30 वर्ष साकिन जोगीडीपा जगन्नाथ मंदिर के पास थाना कोतवाली रायगढ बताये। ऑटो में एक पुट्ठे के कार्टून में मिला किंगफिसर बियर 13 नग, 6 पाव रायल स्टेज विस्की शराब, किंगफिसर केन 500एमएल वाली 7 नग, 1 बॉटल रायल स्टेज जुमला कीमती 4,085 रू. को कब्जे में लिया। आरोपीगण के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## सारंगढ़ में युवा महोत्सव में दिखी छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति की मोहक झलक

» सारंगढ़ विधायक ने किया शुभारंभ



**न्याय साक्षी/ रायगढ़।** सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े ने आज सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में विकास खण्ड स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सारंगढ़ विधायक श्रीमती जांगड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विशिष्ट कला एवं संस्कृति युवा महोत्सव के माध्यम से अभिव्यक्त हो रही है। जिसमें सभी प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर मिल रहा है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की अनोखी कला एवं संस्कृति की झलक दिखाई दे रही है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ननकी दारा सिंह जांगड़े, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अरूण मालाकार एवं एसडीएम सारंगढ़ चंद्रकांत वर्मा उपस्थित थे।

## प्रथम राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजित



**न्याय साक्षी/ रायगढ़।** प्रथम राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन आज पंजरी प्लाट स्थित शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम के सभापति सलीम नियारिया ने किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा विभिन्न बीमारियों में कारगर है और जनसामान्य आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को अपना रहे है। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सालय से कमला नेहरू पार्क तक प्राकृतिक चिकित्सा के संबंध में जागरूकता रैली निकाली गई।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.जी.एस.पटेल ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्राकृतिक चिकित्सा के डॉक्टर श्रीधर स्वाईन ने प्राकृतिक चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

## पुलिस महिला रक्षा टीम का जागरूकता कार्यक्रम

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस महिला रक्षा टीम रायगढ़ द्वारा दिनांक 18/11/19 को घरघोड़ा प्रज्ञा हाई स्कूल ,सरस्वती शीशू मंदिर हाई स्कूल ,निर्मला सिग हाई स्कूल व शा. कन्या उच्चतर मा.वि.घरघोड़ा में छात्राओं को बच्चों को प्राप्त विशेष अधिकार यौन अपराधों की जानकारी एवं उनके बचाव के उपाय तथा वर्तमान में मोबाइल व इंटरनेट के माध्यम से हो रहे अपराधों की जानकारी दी गई। महिला सेल की प्रभारी टी आई संतोषी महिला प्रधान आरक्षक मंजू महिला आरक्षक इन्दू लता , अराधना आनंद कार्यक्रम के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में विस्तार पूर्वक छात्र, छात्राओं को पॉस्को एक्ट , सायबर अपराधों की जानकारी व गुड टच बैड टच की जानकारी दिया गया। उन्होने फेसबुक, व्हाटसअप के जरिये हो रहे अपराधों की जानकारी देते हुये बचाव के उपाय बताये एवं सावधानी बरतने को बोले।





महिला सेल द्वारा बच्चों को हेल्प लाईन नम्बर मोबाइल नम्बर 1098, 1091, 112 एवम 100 के बारे में बताया गया है। सभी कार्यक्रम में स्कूल के करीब 1990 छात्र, छात्राएं, व शिक्षक शिक्षिकाये न इसका लाभ लिया है।

» शासन की गौठान निर्माण योजना हुई साकार » छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रची-बसी है गौठान की परम्परा

# दूरस्थ ग्राम ऐडुकला में उम्दा आदर्श गौठान से आ रही है समृद्धि और खुशहाली

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** गौधन की महत्ता को समझते हुए शासन द्वारा आरंभ की गई गौठान निर्माण की अनोखी योजना अब साकार हो गई है और गांव में समृद्धि और खुशहाली आ रही है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रची-बसी गौठान की परम्परा को शासन ने व्यापक रूप प्रदान किया है। इसी श्रृंखला में रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम ऐडुकला में उम्दा आदर्श गौठान का निर्माण किया गया है। चार एकड़ जमीन में फैला यह मनोहारी गौठान बरगद, आम, कोसम, चार, सरई, महुआ सहित 122 छायादार वृक्षों से घिरा हुआ है। इस वृहद गौठान में सभी मवेशियों



को न केवल पानी व चारा मिल रहा है बल्कि उनका टीकाकरण एवं इलाज भी किया जा रहा है।

गौठान में गोबर से नाडेप टेंक में खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट भी बनाया जा रहा है। गौठान की देखरेख के लिए गौठान समिति का गठन किया गया है। लगभग 12 एकड़ में चारागाह का निर्माण किया गया है। गौठान निर्माण से ग्रामवासियों में उत्साह एवं खुशी का माहौल है। ग्राम की सरपंच श्रीमती गंगाबाई सिदार ने इस आदर्श गौठान के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्रभाकर सिदार ने कहा



कि शासन की नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी की योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महिला स्व-सहायता समूह की श्रीमती सुशीला राठिया ने कहा कि गोबर से हम खाद बना रहे है, वहीं गौठान में ही लौकी, कद्दू, बरबटी, टमाटर एवं मौसमी सब्जियां भी लगायेंगे। हम सभी महिलाएं गौठान के जरिए आत्मनिर्भर बन रही है। लोकनाथ सिदार ने कहा कि इस गौठान में सभी गायों को एक साथ चारा-पानी मिल जाता है और हमारी फसल भी सुरक्षित रहती है।

## डेंगू की रोकथाम के लिए एक्शन मोड में कार्य करें सभी विभाग-कलेक्टर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार की अध्यक्षता में डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। उन्होंने बैठक में सभी विभाग के जिला अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में रायगढ़ शहर में डेंगू का विस्तार हो रहा है। उन्होंने जो इस रोग से ग्रस्त हो चुके है उनका उचित इलाज जिसके लिए मेडिकल कालेज में एलिसा टेस्ट करने तथा प्लेटलेट्स व रक्त की पर्याप्त उपलब्धता रखने के निर्देश दिए। रोग का विस्तार अधिक न हो पाये इसके लिए व्यापक स्तर पर सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्ययोजना बनाकर एक्शन मोड



में कार्य करना है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त रूप से टीम बनायी जा रही है जो डोर-टू-डोर अभियान चलाकर घरों में जाकर लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करने के साथ घरों में डेंगू के लार्वा का सर्वे कार्य भी करेगी। एक टीम में पांच कार्यकर्ता होंगे, ऐसी 100 टीम बनाने के निर्देश कलेक्टर यशवंत कुमार ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा महिला बाल विकास अधिकारी को दिए। शिक्षा विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों तथा कालेजों में छात्रों को डेंगू के कारकों, लक्षणों तथा रोकथाम के संबंध में जागरूक करने के लिए अभियान चलाये।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480